# जीवन की सुरक्षा सर्वोपरि-एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने कस्बा बड़ागांव में 25 चालकों को मौके पर पहनाए हेलमेट

## पुलिस अधीक्षक द्वारा ट्रेफिक नियमों का पालन करने वाले चालकों को किया सम्मानित

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर तथा पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना की मंशा के अनुरूप सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु प्रदेशभर में जन-जागरूकता आधारित अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला टीकमगढ़ में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में हेलमेट जागरूकता अभियान को संवेदनशील एवं प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। आज दिनांक 05 मई 2026 को कस्बा बड़ागांव में आयोजित विशेष कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक स्वयं उपस्थित रहे।

उन्होंने वाहन चालकों से सीधे संवाद कर यातायात नियमों के महत्व को सरल एवं व्यवहारिक तरीके से समझाया। कार्यक्रम के दौरान 25 वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर ट्रेफिक नियमों का पालन करने बाले 15 वाहन चालकों (जिम्मेदार नागरिकों) को पानी की बोतल भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे सुरक्षित व्यवहार को प्रोत्साहन मिला। वहीं बिना हेलमेट वाहन चला रहे 25 चालकों को मौके पर ही हेलमेट पहनाकर उन्हें सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया तथा नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। नियमों का पालन करने वाले 15 वाहन चालकों को पानी की बोतलें वितरित कर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय भी दिया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व, सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम तथा उससे होने वाले नुकसान के बारे में सहज एवं प्रभावी संवाद के माध्यम से अवगत कराया गया, ताकि वे



स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूक बन सकें। हेलमेट केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का आधार है। हमारा उद्देश्य दंडात्मक कार्यवाही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित रखना है। जो नागरिक नियमों का पालन कर रहे हैं, उनका सम्मान और जो अभी जागरूक नहीं हैं, उन्हें प्रेरित करना–इसी संतुलन से एक सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी सूबेदार आर्या पाराशर, थाना प्रभारी बड़ागांव उप निरीक्षक जयेन्द्र गोयल सहित पुलिस अधिकारी, पत्रकारगण एवं आमजन उपस्थित रहे। यह पहल न केवल यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करती है, बल्कि पुलिस की मानवीय एवं संवेदनशील कार्यशैली को भी दर्शाती है, जो एक सुरक्षित, सजग और जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। टीकमगढ़ पुलिस सुरक्षा संवेदनशीलता विश्वास – जनहित में समर्पित आपकी सुरक्षा – हमारा संकल्प।

# सिन्धु दर्शन यात्रा की तैयारी अंतिम चरण में

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था भारतीय सिंधू सभा द्वारा आगामी 5 जून से आयोजित सिन्धु दर्शन यात्रा की तैयारी को लेकर संस्था एवं समाजसेवियों की विशेष बैठक 5 मई मंगलवार को रीवा रोड स्थित ओम प्लाजा में संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक की जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जून माह में सिंधू दर्शन यात्रा का भव्य आयोजन किया गया है ।

यह यात्रा 5 जून से 12 जून तक आयोजित की गई है यात्रियों की सुविधा के लिए यह यात्रा सड़क मार्ग एवं वायुमार्ग से आयोजित की गई है। संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी ने बताया कि सिंधू दर्शन यात्रा न सिर्फ धार्मिक आस्था की प्रतीक है बल्कि यह प्राचीन सिंधू संस्कृति एवं संस्कारों के माध्यम से समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर राष्ट्रीय गौरव को कायम रखना है, आइए हम सब मिलकर यह संकल्प ले कि इस धार्मिक यात्रा में ज्यादा से ज्यादा सम्मिलित होकर समाज का गौरव बढ़ाना है। संस्था के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री मनोहर आर्तनी जी ने सिंधु दर्शन यात्रा की संपूर्ण जानकारी दी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा श्री गोपीचंद कापड़ी श्री इंद्रलाल थारवानी बसंत आहूजा ने सिंधु दर्शन यात्रा के अपने अनुभव एवं शामिल होने का अनुरोध किया। बैठक का संचालन महामंत्री विनोद गेलानी आभार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय जग्यासी ने व्यक्त किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा संभाग प्रभारी श्री विक्रम चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री गोपीचंद कापड़ी विजय जग्यासी मनोहर लाल आरतानी अध्यक्ष अशोक चांदवानी समाजसेवी श्री मुरलीधर सेनानी गणेश वाधवानी कन्हैया लाल पोहानी इंद्रलाल ठारवानी बसंत आहूजा इंद्रलाल कापड़ी घनश्याम दास अच्छडा किशोर वलेचा नरेश वलेचा गोविंद छाबड़िया अनिल जवाहरानी प्रकाश ठा रवानी एवं कई सम्माननीय समाजसेवीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी ने मरणोपरांत लिया देहदान का संकल्प

## 147 वा संकल्प 12 देह मेडिकल को सौंपी

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



संत मोतीराम आश्रम के महंत स्वामी खिम्यादास जी की प्रेरणा से प्रेरित होकर इंदिरा नगर नागौद निवासी श्री सीताराम बर्मन जी सपत्नी श्रीमती राम सखी बर्मन के साथ 4 मई सोमवार को मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर समाज के सामने सेवा और मानवता की एक मिसाल प्रस्तुत की। दंपति ने संकल्प लेते हुए कहा कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य दूसरों के काम आना है यदि मृत्यु के बाद भी उनका शरीर चिकित्सा शिक्षा और शोध कार्य में उपयोगी हो सके इससे बढ़कर कोई सेवा नहीं हो सकती उनका मानना है कि देहदान से भावी डॉक्टर को सीखने का अवसर मिलता है जिससे भविष्य में असंख्य लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे ने बताया अभी तक 147 लोगों ने देहदान का संकल्प लिया है जबकि 12 देह मेडिकल कॉलेज सतना एवं रीवा को सौंपी जा चुकी है। विनोद गेलानी ने बताया डॉ मदन मोहन पांडे डॉ. एम,एम पांडे डॉश्रीमती माया पांडे जी ने बर्मन जी के निज निवास पर जाकर संकल्प पत्र देकर सम्मानित किया। भाई प्रह्लाद जी श्री अतुल दुबे गोपीचंद कापड़ी मनोहर मोरयानी बिमल मित्रा नमो नारायण खत्री नंदलाल मुकेश अग्रवाल विनोद गेलानी एवं सभी सेवादारों ने बर्मन जी को साधुवाद किया।

# वस्त्र, हैंडलूम एवं हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए जिला निर्यात कार्ययोजना पर बैठक आयोजित



**पीपुल्स प्रवक्ता छिन्दवाडा।**

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में म.प्र. औद्योगिक विकास निगम द्वारा वस्त्र, हैंडलूम एवं हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए जिला निर्यात कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर्स परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के हस्तशिल्प एवं हथकरघा उद्योगों को प्रोत्साहित करने, उनके उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने तथा निर्यात प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही निर्यात में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान 'चंदेरी सिल्क' के लिए जी.आई. टैग से संबंधित विषय तथा स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने की रणनीति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में म.प्र. औद्योगिक विकास निगम, जबलपुर के कार्यकारी संचालक श्री अनिल कुमार राठौड़, एसडीएम परासिया श्री शुभम यादव, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री आर.एस. उइके, विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्योग संघों के प्रतिनिधि एवं अन्य उद्योगपति उपस्थित थे।

# जनसुनवाई के दौरान महापौर ने किया कई विभिन्न समस्याओं का निराकरण



**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

नगर निगम सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने शहरवासियों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता एवं आत्मीयता के साथ सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और आमजन की शिकायतों एवं सुझावों को संज्ञान में लिया गया। महापौर ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जनसेवा ही उनका प्रमुख संकल्प है और इसी भावना के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## खुरई पुलिस को मिली एक बड़ी सफलता

# महाकाली मंदिर से हुई चोरी का 24 घंटे में किया खुलासा आरोपी को किया गिरफ्तार 40000 रुपए नगद किए बरामद

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

पुलिस को मिली एक बड़ी सफलता। महाकाली मंदिर से हुई चोरी का 24 घंटे में किया खुलासा आरोपी को किया गिरफ्तार 40000 रुपए नगद किए बरामद। उल्लेखनीय है कि सागर जिला में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक सागर अनुराग सुजानिया के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉक्टर संजीव कुमार उईके एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस थाना के निर्देशन में थाना खुरई शहर पुलिस खुरई द्वारा चोरी के एक गंभीर प्रकरण का महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा किया गया। खुरई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खुरई के शिवाजी चौक पठार स्थित प्रसिद्ध महामंगला महाकाली मंदिर में दानपेटी चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने रविवार और सोमवार की दरमियानी रात मंदिर में घुसकर दानपेटी तोड़कर नकदी चुरा ली थी। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी के नेतृत्व में टीम बनाई गई और जांच शुरू की गई। पुलिस ने शहर में लगे सरकारी और निजी मिलाकर 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक युवक संदिग्ध नजर आया। संदेह के आधार पर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम सूरज पिता नारायण पटेल (19) निवासी टैगोर वार्ड बताया और चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिर में झालर लगाने आया था। उसी दौरान उसने दानपेटी में रखे पैसे देखकर चोरी



की योजना बनाई। वारदात से एक दिन पहले भी उसने मंदिर के आसपास बैठकर रेकी की थी। आरोपी ने घटना वाले दिन दो बार चोरी की कोशिश की, लेकिन पुलिस वाहन आने से सफल नहीं हो पाया। तीसरी बार उसने जाली से अंदर घुसकर पहले छ्हृअङ्क का प्लग निकाला और लाइट बंद कर दी, ताकि किसी की नजर न पड़े। इसके बाद दानपेटी तोड़कर पैसे निकाल लिए। चोरी के बाद आरोपी ने रकम अपने घर के पास खड़ी एक कंडम कार की सीट के नीचे छिपा दी।

सोमवार सुबह उसने 2500 रुपए निकालकर अपने दो दोस्तों के साथ शराब पी। पुलिस ने कार से 38,700 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले भी एक चोरी के मामले में पकड़ा जा चुका है। यह उसकी दूसरी वारदात है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी के साथ सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, पदम सिंह, प्रधान आरक्षक महिपाल सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

# केसली में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की जनसुनवाईः समस्याओं का किया मौके पर निराकरण



**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने केसली ब्लॉक का दौरा कर वृहद् जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने न केवल ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं, बल्कि कई गंभीर मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए निराकरण सुनिश्चित किया। जनसुनवाई में मुख्य रूप से बुनियादी सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। पेयजल आपूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना के लंबित प्रकरण साथ ही शासकीय रास्तों पर अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व अमले को शासकीय रास्ते तत्काल क्लियर कराने के आदेश दिए। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में जलाशय निर्माण के अधूरे कार्य की समीक्षा करने और संभावनाओं और तकनीकी बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए ताकि रहवासियों को लाभ मिल सके।

## सोमवार की रात को मौसम का तूफानी तांडव

# आंधी-तूफान से जगह-जगह गिरे बिजली के खंभे,कई गांवों में तो रातभर रही बिजली गुल

## मौसम विभाग ने दी चेतावनी अगले 4 दिन का किया अलर्ट जारी

**राजेश बबेले**
**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

सोमवार की रात को मौसम का तूफानी तांडव।आंधी-तूफान से जगह-जगह गिरे बिजली के खंभे,तो जगह जगह टूटे बिजली के तार कई गांवों में तो रातभर रही बिजली गुल; मौसम विभाग ने दी चेतावनी अगले 4 दिन का किया अलर्ट जारी। उल्लेखनीय है कि सोमवार देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली।

तेज आंधी-तूफान और जोरदार बारिश शुरू हो गई। इस दौरान जगह जगह बिजली के खंभे टूट गए तो कई स्थानों पर पेड़ गिरने से कई जगहों पर बिजली केबल क्षतिग्रस्त हो गई। कई गांवों में रातभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। मिली जानकारी अनुसार बीना ब्लॉक में आंधी, तूफान और बारिश से 55 से अधिक स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई, जिससे बिजली आपूर्ति की केबल को नुकसान पहुंचा। कई ग्रामीण इलाकों में रातभर बिजली गुल रही। सेमरखेड़ी गांव



में सीताराम सिंह ठाकुर के कच्चे मकान पर एक पीपल का पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। तेज आंधी और बारिश के कारण मकानों की चद्दरें भी उड़ गई।

**बादलों की गड़गड़ाहट से लोग सहमे रहे:** आकाश में लगातार बिजली चमकने और बादलों की गड़गड़ाहट से लोग सहमे रहे। ग्रामीण इलाकों में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। किसान ने बताया कि सोमवार देर शाम से आए आंधी-तूफान और बारिश के कारण उन्हें रातभर नींद नहीं आई और काफी नुकसान हुआ है।

**किसानों को फसलों की चिंता:** किसानों के लिए यह बारिश चिंता का विषय बन गई है। कई किसानों की फसलें या तो खेतों में रखी हैं या तुलाई के लिए उपार्जन केंद्रों पर ट्रॉलियों में भरी हुई हैं। ऐसे में उन्हें नुकसान होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले चार दिनों में भी इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

# भरोसे की बुनियाद बनी जनसुनवाईः एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में संवेदनशील पुलिसिंग को नई दिशा

## साप्ताहिक जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुन किया निराकरण

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ़।**

जिला टीकमगढ़ पुलिस द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण तथा पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम निरंतर सकारात्मक परिणाम दे रहा है। यह पहल न केवल समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बनी है, बल्कि आमजन में सुरक्षा, विश्वास एवं संतुष्टि की भावना को भी सुदृढ़ कर रही है।

इस पूरी प्रक्रिया का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा किया जा रहा है, जो संवाद आधारित एवं जन-केंद्रित पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए आमजन से सीधा जुड़ाव स्थापित कर रहे हैं। जनसुनवाई में हर नागरिक की बात को मिला महत्व आज दिनांक 05 मई 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए लोगों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर प्रदान किया गया, जिससे कार्यक्रम में विश्वासपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ। त्वरित कार्यवाही–संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ समाधान प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की गई– कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष



प्रकरणों में समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए, नागरिकों को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं रखने के लिए प्रेरित किया गया विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता प्रदान की गई। सुलभ व्यवस्था जनसुनवाई प्रक्रिया को थाना एवं चौकी स्तर तक विस्तारित किया गया है, जिससे नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में त्वरित राहत मिल रही है और अनावश्यक आवागमन में कमी आई है। सकारात्मक परिणाम–विश्वास में वृद्धि, शिकायतों में कमी इस पहल के प्रभावस्वरूप जिले में प्राप्त शिकायतों में लगभग 36न्न की कमी दर्ज की गई है, जो पुलिस की सक्रियता, जवाबदेही एवं प्रभावशीलता को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक का संदेश जनसंवाद और विश्वास ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं। प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर न्याय मिले और वह स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। टीकमगढ़ पुलिस संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ आमजन की सेवा में निरंतर कार्यरत है।

# असम और बंगाल में केसरिया लहर- राष्ट्रवाद की सुरक्षा का संदेशःश्याम लाल गुप्ता श्यामू

## तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्ति विकास और सुशासन का जनादेश

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

भाजपा नेता श्याम लाल गुप्ता 'श्यामू' ने असम और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में मिली जीत को राष्ट्रवाद और विकास की विचारधारा की विजय बताया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम राष्ट्रहित, सुशासन और जनविश्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण की राजनीति से मुक्त होकर 'सबका साथङ्कसबका विकास' के पथ पर आगे बढ़ने जा रहा है। जनता ने भाजपा को जनादेश देकर परिवर्तन की दिशा तय कर दी है और भ्रष्टाचार से त्रस्त शासन को उखाड़ फेंका है।

श्यामू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और समृद्ध भारत के संकल्प को बंगाल के मतदाताओं ने स्वीकार



किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने बंगाल और राष्ट्रवाद की विचारधारा को मजबूत किया। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार में विकास ठप रहा और कानून-व्यवस्था की स्थिति कमजोर रही। जनता ने युवा, महिला, गरीब, मजदूर और किसान वर्ग के भारी मतदान से परिवर्तन का रास्ता चुना।

उन्होंने कहा कि भाजपा अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की भावना के साथ योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करेगी। श्यामू ने कहा कि असम और पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों में राष्ट्रवाद की जीत तुष्टिकरण और घुसपैठ की राजनीति पर जनता का करारा जवाब है। यह विजय मिशन 2029 के लिए भी मजबूत संकेत है कि देश की जनता विकास, सुरक्षा और सुशासन के पक्ष में खड़ी।